# भगवान आदिनाथ

~ सिद्धम पाठशाला

1. उन तीर्थंकरों के नाम बताओ, जिनका जन्म अयोध्या में हुआ था?

भगवान आदिनाथ जी, अजितनाथ जी, अभिनंदननाथ जी, सुमतिनाथ जी और अनंतनाथ जी ( पांच तीर्थंकर)

2 बालक ऋषभदेव का जीव कहा से च्युत होकर रानी मरुदेवी के गर्भ में आया था?

सर्वार्थ सिद्धि विमान से।

3 नारी शिक्षा के प्रथम उद्घोषक कौन थे?

# राजा ऋषभदेव।

4 तीर्थंकर आदिनाथ जी ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध कब और किसके पादमूल में किया था?

पूर्व के तीसरे भव में,
वज्रनाभि चक्रवर्ती की पर्याय मे,
वज्रसेन तीर्थंकर के समवशरण में दिगम्बरी दीक्षा
धारण करते ही तीर्थंकर प्रकृति का बंध हुआ था।

5. राजा ऋषभदेव की दीक्षा स्थली,
दीक्षा वन एवं दीक्षा वृक्ष का नाम बताओ?

दीक्षा स्थली - प्रयाग
दीक्षा वन - सिद्धार्थ वन
दीक्षा वृक्ष - वट वृक्ष।

6 तीर्थंकर आदिनाथ जी के समवशरण में कितने मुनि, आर्यिकाएं, श्रावक और श्राविकाएं थी?

कुल मुनिराज - 84, 000
कुल आर्यिकाएं - 3,50,000
कुल श्रावक - 3 लाख
कुल श्राविकाएं - 5 लाख

7 तीर्थंकर आदिनाथ जी के प्रथम गणधर कौन थे?

# वृषभसेन ( राजा ऋषभदेव के पुत्र)

8 मुनिराज ऋषभदेव ने कितने वर्ष की तपस्या के बाद केवलज्ञान प्राप्त किया था?

1,000 वर्ष तक तपस्या करने के बाद।

9 मुनिराज ऋषभदेव को प्रथम आहार कहा, किसने और किसका दिया था?

आहार स्थान - हस्तिनापुर
आहार दाता - राजा श्रेयांस
इक्षुरस का

10 बालक ऋषभदेव का जन्म कब और कहां हुआ था?

# चैत्र कृष्ण नवमी, अयोध्या

# 11 बालक ऋषभदेव के शरीर का वर्ण कैसा था?

# स्वर्ण वर्ण

12 भगवान आदिनाथ जी के शरीर की अवगाहना कितनी थी?

500 धनुष

13 भगवान आदिनाथ जी के समवशरण में कुल कितने गणधर थे?

# 84 गणधर

14 राजा ऋषभदेव के किस पुत्र ने सर्वप्रथम मोक्ष प्राप्त किया था?

# अनन्तवीर्य

15 मुनिराज ऋषभदेव को प्रथम आहार कितने दिन के बाद प्राप्त हुआ था?

# 13 महिने 9 दिन बाद

16 राजा ऋषभदेव के कितने पुत्र और पुत्रियाँ थी?

# 101 पुत्र 2 पुत्रियाँ

17 भगवान आदिनाथ जी के समवशरण में प्रमुख श्रोता कौन थे?

# सम्राट भरत

18 भगवान आदिनाथ जी के गुणों का स्तवन कौनसे स्त्रोत में किया गया है?

# भक्तामर स्तोत्र

19 भगवान की दिव्यध्वनि कितनी भाषाओं में खिरती थी?

# 18 महाभाषा 700 लघु भाषा

20 मुनिराज ऋषभदेव को केवलज्ञान किस तिथि को और किस स्थान पर हुआ था?

केवलज्ञान तिथि - फाल्गुन कृष्ण एकादशी
स्थान - पुरिमतालपुर नगर के उद्यान में

# 21 तीर्थंकर आदिनाथ जी की आयु कितनी थी?

# 84 लाख पूर्व

22 बालक ऋषभदेव के माता-पिता का नाम बताओ?

माता - मरुदेवी
पिता - नाभिराय

23 बालक ऋषभदेव का जन्म कौनसे वंश में हुआ था?

# इक्ष्वाकु वंश

# 24 तीर्थंकर आदिनाथ जी के समवशरण का विस्तार कितना था?

# 12 योजन

25 राजा ऋषभदेव ने अपनी पुत्रियों को कौनसी विधा का ज्ञान प्रदान किया था?

ब्राह्मी को अक्षर विधा
सुन्दरी को अंक विद्या

26 राजा ऋषभदेव के साथ कितने राजाओं ने मुनि दीक्षा ली थी?

4,000 राजाओं ने

27 राजा ऋषभदेव ने कितने वर्णों का प्रतिपादन किया था नाम बताओ?

# तीन वर्ण (क्षत्रिय, वेश्य, शूद्र )

28 भगवान श्री आदिनाथ जी के समवसरण में प्रमुख श्रावक कौन थे?

द्रणव्रत नाम के श्रावक।

29 भगवान आदिनाथ जी के समवसरण में प्रमुख श्राविका कौन थी?

सुव्रता नाम की श्राविका।

30 मुनिराज ऋषभदेव कौनसे काल में और कब मोक्ष गए थे?

तृतीय काल में
( चतुर्थ काल प्रारंभ होने में तीन वर्ष, आठ माह,
15 दिन शेष रह गये तब निर्वाण पद को प्राप्त किया था)

# जय जिनेन्द्र

